लोगों में रोष | शव बरामद, परिजनों ने लगाया दो जगह जाम, एसडीआरएफ टीम और ग्रामीणों ने किया रेस्क्यू

# मगरमच्छ ने महिला को बनाया शिकार



**नवभारत,दमोह 11 जुलाई।** वन परिक्षेत्र दमोह अंर्तगत नोहटा थाना के कनिया घाट पटी से निकली व्यारमा नदी में पिछली बार की तरह इस बार भी मगरमच्छ ने व्यारमा नदी के समीप निस्तार के लिए गई 50 वर्षीय महिला मालतीबाई को अपने जबड़े में दबाकर शिकार बना लिया. इसकी सूचना सरपंच प्रतिनिधि जमुना अहिरवार ने दी. इसके बाद वन विभाग, एसडीआरएफ टीम और ग्रामीणों द्वारा चलाए गए रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान मगरमच्छ ने महिला को जबड़े से छोड़ दिया. इसके बाद महिला का शव और एसडीआरएफ ने कब्जे में ले लिया.

मौके पर वन विभाग रेंजर विक्रम चौधरी, थाना प्रभारी नोहटा अभिषेक पटेल, प्रधान आरक्षक श्रीराम पटेल सहित पुलिस बल के अलावा और भी टीमें मौजूद रही. कलेक्टर श्री कोचर और पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी साथ ही डीएफओ ईश्वर जरांडे के निर्देशन में रेस्क्यू ऑपरेशन और ग्रामीणों के सहयोग से महिला का शव बरामद कर लिया गया है. इसके बाद पुलिस ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम कार्रवाई की. परिजनों ने पोस्टमार्टम के पूर्व ही शव को ले जाकर अभाना मार्ग पर चक्का जाम कर विरोध किया।

**वन विभाग ने 8 व 2 लाख राजस्व विभाग ने स्वीकृत किए**

व्यारमा नदी में मगरमच्छ हमले की घटना में महिला की मौत हो जाने पर वन विभाग द्वारा 8 लाख और राजस्व विभाग द्वारा 02 लाख रुपये की सहायता मृतक के परिजनों को घोषणा की गई. प्रकरण में वन विभाग द्वारा कार्यवाही करते हुये मृत महिला के पति आवेदक मेघराज सींग लोधी को राज्य शासन के निर्देशानुसार क्षतिपूर्ति जनहानि के तहत राशि 8 लाख रूपये स्वीकृति आदेश पारित किया गया है, भुगतान राशि तत्काल वन विभाग द्वारा ई-पेमेंट से की गई।

**लोगों से नदी किनारे नहीं जाने की अपील**

वन विभाग लगातार नदी किनारों के आजू-बाजू न जाने की बात कह कर जागरुक कर रहा है, लेकिन कुछ लोगों द्वारा इसे नजरअंदाज किया गया, जिसके कारण यह हादसा हुआ। वन विभाग और पुलिस प्रशासन आग्रह कर रहा है कि ऐसी घटनाओं से बचें. परिजनों को समझाइश दी जा रही है कि जो भी नियम अनुसार होगा, आठ लाख रुपए की राशि दी जाएगी, साथ ही तत्कालीन राशि भी देने की बात कही जा रही है. वन विभाग व्यारमा नदी में मौजूद मगरमच्छ का भी रेस्क्यू कर रहा है।

**मगरमच्छ को पकड़ने चार पिंजरे में रखा मांस**



परिजनों की मांग पर कनिया घाट पटी में नदी में मगरमच्छ के रेस्क्यू के लिए वन विभाग की टीम अलर्ट है. टीम ने व्यारमा नदी के किनारे पिंजरे में मांस रखकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया है. इस दौरान एसडीओ एमडी मानिकपुरी, तहसीलदार आशुतोष गुप्ता, दमोह रेंजर विक्रम चौधरी, सागोनी रेंजर अखिलेश चौरसिया, तेजगढ़ रेंजर नीरज पांडे सहित वन स्टाफ मौजूद है।

## जिले में 496.5 मिमी वर्षा दर्ज

**नवभारत,दमोह 11 जुलाई।** जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 496.5 मि.मी. अर्थात 19.5 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है, जो अभी तक गत वर्ष से 284.8 मि.मी. अर्थात 11.2 इंच अधिक है। इसी अवधि में गत वर्ष 211.7 मि.मी. अर्थात 8.3 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा दमोह में 635.0 मि.मी. दर्ज की गई है। भू-अभिलेख अधीक्षक वर्षा दुबे ने बताया अभी तक जिले के दमोह वर्षामापी केन्द्र पर 635.0 मि.मी., हटा 478.9 मि.मी., जबेरा में 563.0 मि.मी. पथरिया 509.0 मि.मी., तेन्दूखेड़ा 477.8 मि.मी, बटियागढ़ 432.0 मि.मी. तथा पटेरा में 380.0 मि.मी., वर्षा दर्ज की गई है। दैनिक वर्षा के तहत जिले में 18.9 मि.मी. अर्थात 0.7 इंच वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटों के दौरान वर्षामापी केन्द्र दमोह में 11.0 मि.मी., हटा में 20.4 मि.मी., जबेरा में 23.0 मि.मी. पथरिया 11.0 मि.मी., तेंदूखेड़ा में 53.2 मि.मी., बटियागढ़ 12.0 मि.मी. तथा पटेरा में 2.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत वार्षिक औसत वर्षा 1246.6 मि.मी. है।



## बकरी चराने गई वृद्धा नाले में फंसी

**जिले के नदी-नाले उफान पर, पुलिस की सावधानी बरतने की अपील**

**नवभारत,मड़ियादो 11 जुलाई।** मडियादो थाना अंतर्गत उखरी पानी नाला में एक महिला लक्ष्मी रानी बंसल निवासी मलवारा जो कि बकरी चराने गई थी, अचानक नाला उफान पर आने से बीच नाले मे फस गई. गनीमत रही कि उसे नाले में एक चट्टान का सहारा मिल गया और वह उसी चट्टान पर बैठ गई. तभी वहां पर आसपास के लोगों की नजर महिला पर पड़ गई. महिला को नाला में फंसा देखा, तो देवेंद्र तिवारी महिला के पास नाले के तेज बहाव में भी महिला के पास पहुंचे और महिला को पकड़ा, जिससे महिला ने अपने आप को सुरक्षित महसूस किया. इतने में देवेंद्र तिवारी, विष्णु सोनी, महिंद्रा लोधी और भी लोग आये और उन्होंने रेस्क्यू कर महिला को नाले से बाहर निकाला।

**जोरदार बारिश से आवागमन हुआ प्रभावित**

सुबह से हो रही जोरदार बारिश से मड़ियादो-रजपुरा मार्ग कुछ घंटों के लिए बंद रहा क्योंकि कंचन नाले पर पानी बहुत ज्यादा बढ़ गया था .इस बजह से लोग नहीं निकल सके .उसी तहर मडियादो से हाई स्कूल जाने वाले रास्ते में भी सबधारा नाला पड़ता है, जहां से स्कूल के बच्चे और कॉलोनी के लोग भी निकलते है. लेकिन वहां का पुल भी डूब गया था, तो लोग पुल पर पानी होने के बाबजूद भी पुल पार करते नजर आए. मडियादो-वर्धा मार्ग भी बंद रहा. बमनी की नरईया पर पानी होने की बजह से जे रास्ता भी बंद रहा. घंटो इंतजार के बाद लोग अपने-अपने घर पहुंच सके, बारिश का सिलसिला लगातार शाम तक जारी रहा।

### एक नजर में



## सांसद लोधी ने केंद्रीय मंत्री गडकरी से की भेंट

**नवभारत,दमोह 11 जुलाई।** दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने गुरूवार को केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से नई दिल्ली में भेंट की। इस अवसर पर मंत्री गडकरी से क्षेत्र के समग्र विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर सकारात्मक चर्चा की गई।

## राज्यमंत्री ने सुनीं लोगों की समस्याएं



**नवभारत,दमोह 11 जुलाई।** प्रदेश के पशुपालन व डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने गुरूवार को दमोह कार्यालय पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याओं को सुना। उन्होंने समस्याओं के निराकरण के लिए सबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि जनता की सेवा और समस्याओं के समाधान के लिए सरकार प्रतिबद्ध हैं।

## पुलिस और पटवारी ने दिलाया कब्जा



**नवभारत,दमोह 11 जुलाई।** जबेरा तहसील अंतर्गत कलेहरा गांव में तहसीलदार जबेरा न्यायालय के आदेश पर पुलिस और क्षेत्र के पटवारियों ने पहुंचकर नाप कराकर जमीनी विवाद को निपटाया गया है. टीकाराम यादव की अठारह अरे जमीन पर बहादुर यादव का अवैध रूप से कब्जा था, जिस पर आवेदक टीकाराम यादव न्यायालय तहसील जबेरा गए थे. खसरा क्रमांक 557 की 18 आरे जगह पर वैध मालिक टीकाराम को पुलिस बल और पटवारी के साथ भेजा गया.जिसमें कब्जा की कार्यवाही की गई. न्यायालय तहसीलदार जबेरा ने 17 जून 2025 को आदेश पारित किया था, जिसके अनुपालन में उपरोक्त कार्यवाही बिना किसी विवाद के शांति पूर्ण संपादित कराई गई. अनावेदक ने आवेदक की जमीन पर हाल ही में धान की बुआई की थी, जिसके बतौर हर्जाना 3000 रुपया आवेदक द्वारा अनावेदक को नगद देकर पंचनामा कार्यवाही संपादित हुई।

## कन्या भोज व भंडारा का आयोजन




**नवभारत,दमोह 11 जुलाई।** गुरू पूर्णिमा महाउत्सव के अवसर पर ग्राम तिदौनी में स्व. कामरेट मूलचंद सिद्बबाबा सेवा समिति द्वारा कन्या भोज एवं भंडारा का आयोजन किया गया व समिति द्वारा वृक्षारोपण किया गया। जिसमें समिति के अध्यक्ष खेमचंद अहिरवार, सुन्दर उपाध्यक्ष, अच्छेलाल सचिव, हरप्रसाद, शंकरलाल, दयाराम, पुरूषोत्तम, तुला दादा, मंगल, छोटेलाल, आशाराम बाबा, प्रेमचंद, उमेश, राजकुमार, लक्ष्मी बाई, धनश्याम एवं समस्त ग्रामवासियों ने बड़े हर्ष उल्लास के साथ गुरू पूर्णिमा का उत्सव मनाया गया।

## नॉमिनी को नहीं मिल रहा बीमा क्लेम

**6 महीने से लगा रहे बैंक के चक्कर**

**नवभारत,तेजगढ 11 जुलाई।** जिला मुख्यालय से लगभग 35 किलोमीटर दूर ग्राम तेजगढ़ की भारतीय स्टेट बैंक में करीबन आठ से दस माह पहले ग्राम देवरी लीलाधर गांव के फूल सिंह लोधीने खाता खुलवाया था और अपनी बहन लक्ष्मी बाई लोधी को नॉमिनी बनाया था, लेकिन कुछ दिनों बाद एक्सीडेंट में फूल सिंह लोधी की मौत हो गई। फूल सिंह की बहन और छोटे भाई द्वारा सारी कागजी कार्यवाही कर दी गई है, लेकिन अभी तक सिर्फ ये लोग बैक के चक्कर लगा रहे हैं. ऐसे में लोगों का बीमा योजनाओं से विश्वास उठ जायेगा और आदमी बीमा नही कराएंगे. नौमिनी बहन व परिजनों का कहना है कि 6 महीने से बैंक के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन बैंक से कोई उचित जवाब नही मिलता। कहा जाता है कि हमने कार्यवाही कर दी है ऊपर से काम रुका है।

**इनका कहना है**

इस संबंध में भारतीय स्टेट बैंक शाखा तेजगढ़ (सांगा) के फील्ड अधिकारी आनंद परिहस्त से बात की तो उन्होंने बताया कि ये जानकारी ब्रांच मैनेजर ही दे पाएंगे, मैं तो लोन का काम देखता हूं.

## 8 चोरों से आठ मोटरसाईकिल बरामद

**13 चोरी और नकबजनी की घटना का पुलिस ने किया खुलासा**



**नवभारत,दमोह 11 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने शुक्रवार दोपहर जबलपुर नाका स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में प्रेस कांफ्रेंस में चोर गिरोह को पकड़कर कुल 13 चोरी व नकबजनी की घटना का खुलासा किया।

उन्होंने बताया कि थाना दमोह देहात, कोतवाली, पथरिया, चौकी बांदकपुर, जिला सागर व टीकमगढ़ के प्रकरणों में कुल आठ मोटरसाइकिल, सोने-चांदी के जेवरात, एक एलईडी सहित करीबन 8 लाख 5000 रुपए का माल जब्त किया गया है. खुलासा करते समय एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया, सीएसपी एचआर पांडे, टीआई देहात रचना मिश्रा और टीम में थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी पथरिया, देहात थाने से एएसआई अकरम खान आदि उपस्थित रहे.पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने बताया कि जिले में घटित चोरी की घटनाओं की रोकथाम व आमजन में कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास को सुदृढ़ बनाए रखने के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं।

**इनमें एक आरोपी नाबालिग है**

पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना व साइबर तथा अन्य साक्ष्य संकलित कर चोरी संबंधी प्रकरणों को गंभीरता से लेकर मोटरसाइकिल गिरोह को पकड़ा गया. हिकमत व अमली से पूछताछ करने पर थाना दमोह देहात की नकबजनी व चोरी की घटनाओं के साथ थाना कोतवाली के मंदिर चोरी, पथरिया व जिला सागर की मिलाकर कुल 13 चोरी व नकबजनी का खुलासा कर नाबालिग सहित 8 आरोपियों में रानू पटेल किशनगंज, बलजीत उर्फ बाली पटेल सागर, दीपक उर्फटिप्पू बंसल पथरिया, साहिल खान केरबना, निशांत पटेल रहली, विकास यादव रहली, जयराम पटेल किशनगंज को हिरासत में लेकर न्यायालय पेश कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।




## मनीष बने एबीवीपी के नगर अध्यक्ष

**मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह आयोजित**

**नवभारत,दमोह 11 जुलाई।** नगर में एबीवीपी के 77वें स्थापना दिवस पर मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंचासीन अतिथियों में रूप में महाकौशल प्रांत के प्रांत जिज्ञासा संयोजक रोहित पांडेय, कोतवाली टीआई मनीष कुमार, नगर अध्यक्ष राहुल चौहान, नगर मंत्री ओम श्रीवास्तव शामिल रहे. कार्यक्रम के पश्चात अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें वर्ष 2025-26 हेतु मनीष नेमा को नगर अध्यक्ष व ओम श्रीवास्तव को नगर मंत्री मनोनीत किया गया।



## सीबीएमओ के प्रयास से गर्भवती महिला तक पंहुची एंबुलेंस

**नवभारत,दमोह 11 जुलाई।** मडियादो थाना क्षेत्र के कनकपुरा गांव में गर्भवती महिला को प्रसव दर्द हुआ था, जिसके बाद महिला को लेने पहुंची एंबुलेंस स्थानीय नाले के उफान पर होने के चलते गांव तक नहीं पहुंच पा रही थी. सूचना के बाद हटा सीबीएमओ उमाशंकर पटेल द्वारा मौका स्थल पहुंचकर एंबुलेंस को अन्य मार्ग से गांव तक ले जाया गया और महिला को जननी वाहन से नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मडियादो भेजा गया. पायलट राकेश यादव और ईएमटी अजहर शेख द्वारा कच्चे रास्ते से सूझबूझ के साथ वाहन गांव तक वाहन ले जाया गय।

## अतिक्रमण मुक्त हो भोले का द्वार : महामंडलेश्वर

**आत्मानंद सरस्वती महाराज ने भगवान भोलेनाथ का पूजन अभिषेक किया**



**नवभारत,दमोह 11 जुलाई।** श्रावण माह के प्रथम दिन बुंदेलखंड के प्रसिद्धि हिंदू तीर्थ क्षेत्र श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर पहुंचे देश के प्रसिद्ध जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर श्री आत्मानंद सरस्वती महाराज ने भगवान भोलेनाथ का पूजन अभिषेक किया. इसके उपरांत उन्होंने भक्तों के साथ कॉरिडोर निर्माण भव्यता के साथ हो बांदकपुर के अनेक विषयों पर चर्चा हुई.

महामंडलेश्वर ने मंदिर परिसर से अपना वीडियो जारी कर कहा कि बांदकपुर धाम का कायाकल्प सौंदर्यीकरण करने के लिए प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री ने विगत 9 मई को बांदकपुर धाम कॉरिडोर का भूमिपूजन किया है. कार्य आरंभ हो गया, लेकिन सभी साधु संत समाज भक्तगण चाहते है कि कॉरिडोर निर्माण में सर्व प्रथम भगवान भोलेनाथ के मुख्य द्वार व परिसर के आसपास जो भी अतिक्रमण शीघ्र हटाया जाए. बिना अतिक्रमण हटाए सुंदरता नहीं आ सकती.इसलिए अतिक्रमण शीघ्र हटाया जाए।

**अतिक्रमण से भक्तों को होती हैं परेशानी**

उन्होंने कहा कि प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु भक्त बांदकपुर पहुंचते है. पर्वों आदि पर भक्तों की संख्या लाखों में होती है. अतिक्रमण से भक्तों को बहुत परेशानी होती है. मुख्य द्वार पर अतिक्रमण से मंदिर की शोभा नष्ट हो रही है. महाराज इस विषय को लेकर मुख्यमंत्री से भी भेंट करेंगे. भक्तों से कहा कि अभियान जारी रखे, हमारा सहयोग समर्थन सदैव आपके साथ है।

आयोजन | मृदंगाचार्य पं. नाना साहब पानसे स्मृति में 131वें गुरु पूर्णिमा महोत्सव का शुभारंभ

# स्थानीय और बाहरी कलाकारों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया

**नवभारत,दमोह 11 जुलाई।** मृदंगाचार्य पं. नाना साहब पानसे स्मृति में 131वां गुरु पूर्णिमा महोत्सव आयोजित हो रहा है और यहां गुरु-शिष्य की परंपरा चली आ रही है. पहले यहां बहुत बड़ा अखाड़ा था, जिसमें तबला वादन, हर्मोनियम वादन और शास्त्रीय संगीत सिखाया जाता था और पूरे प्रदेश से लोग आते थे. उस समय नदी, नाले उफान पर होते थे तो तैरकर लोग अपने गुरु का आशीर्वाद लेने यहां जरूर आते थे और मैं बचपन से यहां आ रहा हूं।

इस आशय के विचार प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल जिले के ग्राम बकायन में मृदंगाचार्य पंडित नाना साहब पानसे स्मृति में 131वें गुरु पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किए। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि मुझे जहां तक याद है 5 या 8 साल की उम्र से मैं यहां आ रहा हूं और यह दिन प्रतिदिन और बढ़ता जा रहा है. हमारे मित्र और साथी संस्कृति राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी व्यस्तता के कारण नहीं आ पाए उनके पिता भाव सिंह मासाब इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए उनका मैं स्वागत करता हूं।




### कलाकारों का किया गया सम्मान

कार्यक्रम में पशुपालन राज्यमंत्री लखन पटेल, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, भाव सींग लोधी सहित जनप्रतिनिधियों व कलाकारों का सम्मान किया गया। गुरू पूर्णिमा संगीत समारोह के दौरान प्रातः कालीन सभा में ग्राम बकायन संगीत अखाड़ा शिष्यगण द्वारा प्राचीन परम्परागत बंदिश गायन, यक्षगोपाल एवं उत्सव गोपाल सागर द्वारा युगल गायन, प्रियंवदा सिंह एवं साथी द्वारा युगल कथक, ऋषिशंकर एवं सुश्री महिमा उपाध्याय दिल्ली द्वारा पखावज जुगलबंदी कार्यक्रम तथा सायं कालीन सभा में ग्राम बकायन संगीत अखाड़ा शिष्यगण द्वारा प्राचीन परम्परागत बंदिश गायन, सरिता कालेले मुम्बई द्वारा कथक युगल, चिन्मयी आठले ओक दिल्ली द्वारा गायन, मेघरंजनी गोवाहाटी द्वारा कथक एकल तथा ओंकार दादरकर कोलकाता द्वारा गायन की प्रस्तुति दी गई। रामेन्द्र सिंह सोलंकी, दीपक दास महंत तबला, पण्डित देवेन्द्र वर्मा, जितेन्द्र शर्मा, दीपक खसरवाल हारमोनियम, फारुख लतीफ खाँ सारंगी संगतकार रहे। संचालन राजीव अयाची व साक्षी वैशंपायन ने किया।

**सबके सहयोग से भव्य कार्यक्रम हो रहा : पटेल**

राज्यमंत्री पटेल ने कहा कि सरकार ने इस कार्यक्रम में सहयोग करना शुरू किया। पहले शुरुआत में सिर्फ परिवार चलाता था, संचालित करता था, अब सरकार ने भी मदद करना शुरू कर दिया. राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह ने इसमें सहयोग किया। हमारे पूर्व सांसद और वर्तमान में प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने भी सहयोग किया। यहां के विधायक होने के नाते मेरे द्वारा जो सहयोग बन पड़ता मैंने किया है। आज कार्यक्रम की जो भव्यता दिव्यता दिख रही उसमें सबका सहयोग है। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा जहां तक मुझे याद है, ग्वालियर घराने की बात को छोड़ दे तो मध्य प्रदेश में या पूरे देश में 2-3 नंबर का कार्यक्रम है, जो लगातार अनवरत 131 साल से लगातार चल रहा है. कार्यक्रम का शुभारंभ मृदंगाचार्य पंडित नाना साहब पानसे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।